> "Members of Parliament, a new Government has come into power, led by one you all know and who belongs to the younger generation of freedom fighters."

Thereby he means that the old order will yield place to the new, that the older people would be supplanted by the younger generation. How jarring this statement sounds when we see old people, good old people like Shri Satya Narayan Sinha who for the last 18 years have been sitting clasping the ministerial chair like an Octopus, still going strong, and preventing the entry of younger men into the Cabinet. The other day, in the Whips' Conference at Bangalore, a statement of Shri Sinha to Panditji was circulated widely and that was this. He is alleged to have told Panditji: "Panditji, do you know why your room is so clean? It is because I am at the entrance as the door mat

and all those people who come into your room, wipe on me the dirt from off their shoes. That is why your room is so clean". I do not know why Shri Satya Narayan Sinha is not willing to do similar service to Panditji's beloved daughter. Now, Sir, from this horizontal position as a door mat he has raised himself to a perpendicular position as a floor leader, and I hope he would not dissenminate all round the dirt which he has accumulated as a door mat for the last 18 years. Amongst the Congress ranks there are intelligent young men with capacity, integrity, vigour and vivacity, men like Shri Azad, Shri Ravindra Varma, Shri Morarka, Shri Ram Sewak Choudhuri. These are young men with hope and promise. There is also Shrimati Lakshmikanthamma (*Interruption*). Why not? I say there are ever so many bright, capable, virtuous men and women who would be able to fill these positions with credit and honour. But, unfortunately, they are not versed in the ingratiating but despicable art of sycophancy and flattery.

Sir, the public is interested in seeing that the Government is run by capable, men, men of high purpose and resolve. But what a pitiable spectacle it is to see ministers jostling and elbowing on another for rank, for power, for portfolios and for floor leaderships as though they are school boys in an elementary school! They do not realise how low they have fallen in the eyes of the people.

An hon. Member: Sir, still there is no Cabinet Minister present.

Shri Surendranath Dwivedy: Ministers everywhere but not a Cabinet Minister in the House!

Mr. Deputy-Speaker: The Government is sufficiently represented. Let us proceed.

Shri Narasimha Reddy: Is not the Prime Minister capable of exercising control over these recalcitrant ministers and castigate them either to behave better or to get out?

Shri Ranga: She is their tool.

Shri Narasimha Reddy: I am sorry, in the very first act of the formation of the Cabinet the Prime Minister has set at naught the salutary principles which ought to guide an administrator. The Supreme Court had condemned a Chief Minister for acts of misfeasance, misbehaviour and callous indifference to public interest.

But that very gentleman, Shri N. Sanjiva Reddy, is now placed in charge of the very portfolio of transport in which he is alleged by the Supreme Court to have so conspicuously misbehaved. What is the meaning of all this? Is it so that he may carry on his depredations in a wider field? The public are inclined to think that it is a cynical contempt of the judiciary, a mockery of judicial pronouncements on the acts of public men arraigned before it. The judiciary is the sheet anchor of the peoples rights and woe be to our country if judicial pronouncements are not viewed with respect by the Prime Minister.

15 hrs.

Shri K. C. Sharma (Sardhana): If he goes through that judgement carefully, there is no condemnation of him in it.

Shri Ranga: It was carried by all the newspapers.

Shri Surendranath Dwivedy: Why did he resign then?

Shri Narasimha Reddy: I do not want to dwell at length on the many air disasters which have occurred, the first in the history of our civil aviation after the advent of this gentleman with ominous portent.

I am only stressing the fact that 50 Members of Parliament have pointed out their fingers of accusation to this man and asked the Prime Minister to expel him, but still he is there sitting on his job. We are mentioning it so that the present Prime Minister may realise her error and set it

[Shri Narasimha Reddy]

right. After all, there is nothing infra dig' about it. Even Mahatma Gandhi used to retrace his steps whenever he found that he had committed an error.

But, side by side with this judicial pronouncement, there is another judicial pronouncement by the Chief Justice of the Supreme Court, a far more important pronouncement than this, affecting the vital interests of the nation.

Shri K. N. Tiwary (Bagaha): In his last speech he quoted this judgment, and there was a debate.

Shri Narasimha Reddy: This relates to the administration by the Government of the Defence of India Rules. We have been witnessing how milk vendors, carriers of headloads of grain, poor coolies are being harassed and arrested under DIR. The other day the ex-Law Minister, Shri A. K. Sen, said that he was also of the opinion that the DIR was no longer necessary. This is the case of a kerosene dealer being detained under the Defence of India Rules. These are the words of the Chief Justice of the Supreme Court:

> "Speaking on behalf of the Court the Chief Justice felt rudely disturbed by the thought that continuous exercise of the very wide powers conferred by the Defence of India Rules was likely to make the conscience of the authorities insensitive, if not blunt, to the paramount requirements of the Constitution, that even during the emergency the freedom of Indian citizens cannot be taken away without the existence of a justifying necessity specified by the rules."

These remarks show that the Government has been callously, insensibly and heartlessly exercising the powers under the Defence of India Rules and misusing and abusing them. These remarks come, not from any Member of the Opposition but from the enlightened, cultured and highly accomplished Chief Justice of India.

श्री हुकम चन्द कछवाय : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी व्यवस्था चाहता हूं। हम कब से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अभी तक मंत्रीमंडल का कोई भी सदस्य यहां पर नहीं आया है ।

Mr. Deputy-Speaker: Order, order.

श्री हुकम चन्द कछवाय : उपाध्यक्ष महोदय, आपके आदेश का भी पालन नहीं हुआ है। विरोध-स्वरूप मैं सदन त्याग करता हूं।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya then left the House.

Mr. Deputy-Speaker: I have conveyed the sense of the House to the Government.

Shri Surendranath Dwivedy: Then adjourn the House.

Mr. Deputy-Speaker: The Government is represented here.... (*Interruptions*).

Shri Daji: Who is representing the Government?

Mr. Deputy-Speaker: There are three Deputy Ministers and one Minister of State.

Shri U. M. Trivedi: This is not the way in which the House should be treated.

Shri Surendranath Dwivedy: We are all walking out in protest.

Shri Daji: This is making a mockery of the discussion. If this is the respect which they show to the House, there is no point in having a discussion in the House.

Mr. Deputy-Speaker: I have sent word to the Government. Let us go on with the discussion. I am sorry, I cannot adjourn the House. Does not Shri Narasimha Reddy want to continue his speech?

Shri Ranga: We retain our right to continue the speech when the House is properly constituted.

Mr. Deputy-Speaker: If Shri Narasimha Reddy withdraws from the House now, I will have to take his speech as completed.

Shri Ranga: How can you do that?

Mr. Deputy-Speaker: He cannot go away in the middle of the speech.

(*At this stage Shri Surendranath Dwivedy, Shri U. M. Trivedi, Shri Daji and some other hon. Members left the House*)

Mr. Deputy-Speaker: Shri Narasimha Reddy may contiune his speech (*laughter.*)

Shri Ranga: Why are they laughing? They sought to be ashamed. Do they want dictatorship? Do they not want democracy? Are they not ashamed of the way in which Parliament is treated by the Government? They may be fond of the Government but still they should show certain respect, certain decorum to Parliament.

Shri Narasimha Reddy: After these remarks of the Chief Justice of the Supreme Court, if the Government has any sense of shame and decency, they would not lose a single minute in abrogating the Defence of India Rules. The continued existence of the Defence of India Rules in the statute book is a blasphemy and a treachery to our country. It is only to avoid such a contingency that our founding fathers took care to enshrine the rights of the citizens in the Constitution. I would therefore ask the Government to see that they take the earliest opportunity of abrogating these Defence of India Rules.

The President in the tenth paragraph of his address has opined that national income has increased from 4.5 per cent in the third year of the Third Plan to 7.3 per cent in the fourth year of the Third Plan. We know what these fingures and percentages are, how they are cooked up in offices for the delectation of their bosses, the Ministers. No doubt, a few people have become rich, but these are the contractors, the blackmarketeers, the licence-permit-quota holders, the hangers-on to the Congress bosses, and has nothing to do with the large masses of humanity who are groaning now for want of food, which frustration is shown by the numerous food agitations and riots throughout the country. I wish that the President had left this matter unmentioned. It is only an uncomfortable rememberancer to the people that only the sycophants at the foot stool of Congress power have a chance to live and to become rich, and barbarously rich too and that the much boasted socialistic pattern is nothing but a mirage and a hoax to be dangled in its most attractive and alluring manner before the electorate only during the time of the elections and afterwards consigned to the debris behind the crimson-cushioned palaces of Congres Nawabs, Ministers and millionaires.

Mr .Deputy-Speaker: Now he should conclude his speech.

Shri Ranga: He is entitled to have 20 minutes. He has taken only 12 minutes.

Mr. Deputy-Speaker: He began at 2.47.

Shri Narasimha Reddy: There was disturbance. I have taken only 5 minutes.

Mr. Deputy-Speaker: What do you mean? You can take another 2 or 3 minutes and finish.

Shri Narasimha Reddy: The President has said that on account of the failure of monsoon there has been a deficit of 11 million tonnes. What a lame excuse it is? If the Government had taken sufficient precautions in improving means for increased food production, foreseeing that these familnes are a recurring feature in our country, such a debacle would not

[Shri Narasimha Reddy]

have faced us today. Had the Government expended one-hundredth of the money, which it had spent on the huge industrial white elephants for the extention of electricity, we would not have felt the pinch of famine so much. In the parts from where I come and where there are thousands and thousands of acres under well irrigation, if only electricity had been introduced, thousands of tonnes of food would have been produced. What is the fun of ministers strutting, parading and trumpetting in every Budget session that they are going to lay the greatest stress and importance for the improvement of agriculture? If they are really sincere, let them decide now and affirm that if any particular village demands electricity, on no account would it be refused on grounds of want of funds or paucity of staff. Would the hon. Prime Minister circularise to all the States that ample funds would be made available by the Centre and that they should go on with the extension of electricity to rural areas at galloping speed?

There is no hope for agriculture unless the planners—I mean, the Planning Commission including the now exalted Shri Asoka Mehta—are asked to shift their headquarters thousands of miles away from this exotic capital of the modern Moghuls. They should be asked to live in the barns like the agriculturists. They should not be paid any salary. They should not be given any cars. They should be asked to live—please do not ring the bell........

Shri Ranga: He has still got five minutes. You said he started at 14.57.

Shri Narasimha Reddy: Please bear with me for a few minutes. I will cut short most of my speech.

Shri K. N. Tiwary: By shifting the headquarters how will production increase?

Shri Ranga: Why not? (*Interruption*).

Mr. Deputy-Speaker: Please conclude.

Shri Narasimha Reddy: I am finishing. How many minutes more may I have?

Mr. Deputy-Speaker: You have finished your time.

Shri Narasimha Reddy: I have not finished my time. Please give me five minutes more. I will finish.

The Planning Comission must go thousands of miles away. They must not be given these palaces. They must be asked to live in barns. They must not be given any salary. They must not be given any car. They must be asked to live on the 30 or 25 acres of land which they have fixed as the ceiling for agriculturists for the sustenance of their households and for making both ends meet. Only then would the nonsense in their heads be knocked out and they will come forward with concrete suggestions.

So far as our foreign policy is concerned, instead of the bluff and bluster of the former days, Shri Shastri brought the smiling word and the healing touch to improve our relations. Our relations with our neighbours—Nepal, Ceylon and Burma—have improved miraculously and our relations with Russia also have improved. Maybe, had he lived, we would have had the same smooth relations with America and probably we would have had good relations with Israel and Formosa, the latter of which is governed by that remarkable man, Chiang Kai-shek, who in the hour of our struggle was the only Titan to support our independence. It is all due to the golden touch of that remarkable man, Shri Shastri—a man of humble behaviour and simple habits, the very impersonation of India's toiling millions. Have you come across in the wide world a Prime Minister living a hand-to-mouth existence and yet cheerfully and manfully bearing the responsibilities of his household

duties? Anyone of the contractor minions of anyone of our Irrigation Ministers in the States could have tossed a three-lakh rupee cheque and bought three dozen cars at a time, but Shri Shastri, the Prime Minister of the Indian Union, could buy a car only on a monthly hire-purchase basis. This gigantic fast has stunned the people of our country to a realisation that a great man of spotless purity has departed from our midst. Long will he live in our memory as a green oasis, a clear, clean pool of sparkling, crystal water amidst the blazing desert sands of universal corruption. Would it be too much if I suggest that an international peace prize be instituted in Shastriji's name? Shastriji died for peace. He died not for a peace brought upon by pusillanimity, not for a peace which is the result of fright on account of a big formidable enemy poised on our frontiers, he died because he wanted real peace. He thought of the peace in the clash of resounding arms, in the flush of our advancing armies, in the meridian of the deathless heroism of our country's finest sons. Shri Shastri was a man, a patriot, a lover of humanity whose whole life was consecrated to the service of our nation. I would request the hon. Prime Minister to take the lead in the matter and institute an international peace prize to commemorate Shastriji's memory for some generations to come.

श्री रामशेखर प्रसाद सिंह (छपरा): उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव है; उसके ऊपर आपने मुझे अपने विचार प्रकट करने का अवसर दिया है, इसके लिये मैं आपका आभारी हूं।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में देश की वर्तमान परिस्थिति और पिछले मास जो घटनायें घटी हैं उन के संबंध में अपना ब्योरा दिया है। निश्चय ही पिछले कई महीनों में देश में संकट का समय रहा है। उन दिनों हिन्दुस्तान पर जो पाकिस्तान का आक्रमण हुआ है उसमें श्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में देश की जनता ने . . . .

श्री रामसेवक यादव: शास्त्री जी के नेतृत्व में नहीं हुआ है।

श्री रामशेखर प्रसाद सिंह: जब पाकिस्तान का आक्रमण हमारे ऊपर हुआ तब शास्त्री जी के नेतृत्व में जो उसका विरोध हुआ और जिस प्रकार हमारी सेनाओं ने उसमें विजय प्राप्त किया, यह हमारे देश के इतिहास का एक उज्ज्वल अध्याय रहेगा। आप जानते हैं कि कई हजार वर्षों से इस देश को कभी जीत मयस्सर नहीं हुई थी। हमारी कांग्रेस सरकार, हमारे पूज्य शास्त्री जी और हमारे देश के रहनुमाओं के ही कार्यक्रमों और नीतियों का फल रहा है कि हमें पाकिस्तान पर विजय प्राप्त करने का अवसर मिला, और हमने देश के सामने और संसार के सामने जो परिस्थिति कायम की और अपनी इज्जत कायम की उस के लिये राष्ट्रपति और राष्ट्रपति की सरकार धन्यवाद के पात्र हैं।

लड़ाई के जमाने में देश ने जिस एकता और एक स्वर से उसका सामना किया उस से पता चलता है कि सारे देश की जनता ने इस सरकार में अपना विश्वास प्रकट किया है। जब लड़ाई समाप्त हुई उसके बाद भी शास्त्री जी ने देश का नेतृत्व किया और शांति का संदेश दे कर हमारे बीच से चले गये। शास्त्री जी की मृत्यु के बाद हमें पता चलता है कि शास्त्री जी ने मरकर देश को गौरव और अपने परिवार को गरीबी दी है। उनका संदेश हमारे सामने है।

आज हमारे सामने से बाहरी संकट करीब-करीब दूर हो चला है लेकिन देश के सामने खाद्य की आन्तरिक समस्या है। इस आन्तरिक संकट को दूर करना हमारे

[श्री रामशेखर प्रसाद सिंह]

लिय जरूरी है। आन्तरिक संकट को दूर करने के संबंध में दो बातें हैं। जो हमारे पास साधन अभी मौजूद है अन्न का, गल्ले का उसका वितरण अच्छे ढंग से हो और दूसरा यह कि हम इतना गल्ला पैदा कर सकें कि देश स्वावलंबी हो सके और अपने खाने पीने का सामान हम खुद पैदा कर सकें। 18 वर्षों के बाद हम लोगों ने अभी तक अपने को खाद्य के मामले में स्वावलंबी नहीं बनाया है और इसलिये बाहर से हमको खाद्य मंगाने पड़ते हैं। उसके कारणों की तह में जाने पर पता चलेगा कि जो हमारी योजना है और उसको कार्यान्वित करने के जो कार्यक्रम हैं उसमें भिन्नता है। योजना किताबी अनुभवों के आधार पर और पश्चिमी देशों के अनुमान के आधार पर बनती है जो यहां की आम जनता के रहन-सहन और उनके कार्य से समता नहीं रखती। इसलिये योजना की दृष्टि से हमें कुछ परिवर्तन करना चाहिये। मैं एक किसान परिवार से आता हूं। मैं किसानों की दृष्टि से और देहात के लोगों के रहन सहन की दृष्टि से इस बात को आपके सामने रखना चाहता हूं। आप देखेंगे कि आज ज्यादा लोग करीब करीब 70 प्रतिशत से लेकर 86 प्रतिशत तक इस देश के लोग किसानी करते हैं और खेती ही इस देश की आर्थिक स्थिति की रीढ़ है। अगर खेती करने में परिवर्तन हुआ, और खेती में सुधार हुआ, ज्यादा अन्न पैदा हुआ तो इस देश के लोग स्वावलंबी बन सकेंगे और जो गांव के किसान हैं उनकी भी स्थिति में सुधार हो सकेगी। फर्टिलाइजर की बातें बहुत होती है। फर्टिलाइजर की भी आवश्यकता है। लेकिन बिना फर्टिलाइजर के भी और साधनों को जुटा देने से आप खेती की पैदावार में वृद्धि कर सकते हैं। आप देखेंगे श्रीमान जी, कि फर्टिलाइजर के अलावा भी दूसरे हमारे खाद्य पदार्थ हैं जिनको खेतों में दे कर के उपज बढ़ायी जा सकती है। आज हमारे पास सबसे ज्यादा कमी पानी की है। कहीं-कहीं अतिवृष्टि से और कहीं-कहीं अनावृष्टि से, कहीं ज्यादा पानी होने से और कहीं कम पानी होने से यह अन्न की कमी हो गई है और पैदावार में घटाव हो रहा है। पानी स्थायी रूप से देने के लिये वृहद् सिंचाई की योजना कई जगह हर प्रदेश में कुछ न कुछ बनी हुई है। उसको कार्य रूप में लाने में कुछ समय लगेगा। नजदीक में शीघ्र काम कराने के लिये सरकार को छोटी-छोटी योजनाओं से काम लेना चाहिये। पानी के जो साधन पहले से मौजूद हैं उनमें पैसा खर्च करके उनकी मरम्मत करके, लिफ्ट् इरींगेशन में सुधार करके, कुएं बनाकर के इस प्रकार की छोटी-छोटी योजनाओं को कार्यान्वित करके कम पैसे में और कम समय में ज्यादा से ज्यादा काम किया जा सकता है। बड़ी योजनाओं से काम होगा, ज्यादा होगा लेकिन उसको करने में हमारा ज्यादा समय लगेगा। कोसी योजना एक हमारे बिहार में बनी हुई है। संयोग से केन्द्रीय सरकार के अंदर बिहार के एक किसान आदमी श्री एल० एन० मिश्रा जी आ गये हैं। उनको जानकारी है इसकी क्योंकि खुद वह किसान हैं। किसानी करना जानते हैं। मैं समझता हूं कि उनके अनुभव से केन्द्रीय सरकार को लाभ होगा और सरकार लाभ उठाने की कोशिश करेगी।

अध्यक्ष जी, बड़ी योजनाओं के बारे में तो मैंने कहा। छोटी योजनाओं में करीब 7 लाख पम्पिंग सेट के बारे में राष्ट्रपति जी के भाषण में जिक्र किया गया है। यह पम्पिंग सेट आप देंगे। लेकिन अभी तक पम्पिंग सेटों का

अनुभाव बहुत ही बुरा रहा है। हमारे राज्य में सरकारी कुछ पम्पिंग सेट तो डीजल से चलते हैं और कुछ एलेक्ट्रिक से चलते हैं। जो डीजल इंजन से चलने वाले होते हैं वह जब किसान के पास पहुंचते हैं और किसान को पानी की जरूरत होती है तो उस वक्त डीजल नहीं मिलता है और अगर कोई पूर्जा खराब हो जाता है तो उसको बनवाने के लिये किसान को इतनी दूर जाना पड़ता है कि जब तक मशीन बनकर आती है तब तक पानी लेने का समय खत्म हो जाता है। आप देखेंगे कि हर राज्य में ट्रांसपोर्ट या मोटर बसों पर इतना रुपया सरकार ने खर्च किया है और बसों की बरबादी हो रही है। वह भी काम जरूरी है। लोगों के लिये आवागमन का भी प्रबंध करना जरुरी है लेकिन उससे भी ज्यादा जरुरी काम है खाने का प्रबंध करना। अगर उसी हिसाब से ट्रैक्टरों की खरीद करते और हर जिले में जैसे बसों का इंतजाम किया है उसी तरह से उसका डिपो रख कर ट्रैक्टर लोगों को जुताई के लिये देते तो उनसे कितना लाभ हो सकता था? आप जानते हैं जो जमीन बड़ी कड़ी होती है या जो ऊसर भूमि होता है उसको उपजाऊ बनाने के लिए बहुत कड़ी जुताई की जरूरत होती है और इसके लिए ट्रैक्टर ही काम में आ सकता है। मैं देखता हूं कि शहरों में ट्रैक्टर कूड़ा करकट ढोने के काम में लाये जाते हैं। इसी में उनका इस्तेमाल होता है और किसानों के इस्तेमाल के लिए ट्रैक्टर नहीं मिलता है। इसलिए अध्यक्ष जी, सरकार को चाहिए कि ट्रैक्टर्स की कोई एक संस्था बनावे, कोई एक कारपोरेशन बनावे और हर जिले में इतने ट्रैक्टर उपलब्ध करे कि जो भी किसान जुताई का काम करना चाहे उसको आसानी से ट्रैक्टर भी मिल सके उसको पम्पिंग सेट भी मिल सके ताकि पानी वह दे सके और गोबर का भी ऐसा इन्तजाम कीजिये, आम किसान गोबर की खाद ज्यादा इस्तेमाल में लाता है, तो उनको जलाने के लिए और चीजें दीजिये ताकि वह गोबर बचा कर रखें और उस गोबर का इस्तेमाल खाद के रूप में कर सकें। समय पर आप बीज नहीं दे सकते हैं। यह काम सरकार का है। लेकिन जब बीज बोना होता है अक्तूबर और नवम्बर के महीने में उस वक्त आप बीज मंगाने का काम शुरू करते है। बीज मंगाने का काम जुलाई अगस्त से शुरू होना चाहिए ताकि जिस वक्त किसानों को जरूरत हो बीज आप उनको दे सकें।

इसके अलावा अध्यक्ष जी, आपने इंडस्ट्री को पनपाने के लिए और लोगों को उसमें बढ़ावा देने के लिए कर्ज की व्यवस्था की है। कम सूद पर उनको पैसा देते हैं। लेकिन किसानों को कर्ज के रूप में पैसा समय पर नहीं मिल पाता। आप जानते है बी० डी० ओ० और रेवेन्यू डिपार्टमेंट में जैसी किसानों की आर्थिक स्थिति है वह उनके रजिस्टर में रहती है. अगर चाहें तो दो एक रोज के अन्दर किसान को कर्ज दे सकते हैं। लेकिन इसमें इतनी देर होती है कि जब उनको बैल खरीदना होता है तो उस वक्त बैल के लिए कर्ज नहीं दे सकते हैं। जब पम्पिंग सेट के लिए पैसा चाहिए तब नहीं दे सकते है। इसलिए कर्ज की व्यवस्था में सरकार मौलिक रूप से सुधार करे। जो भी किसान जिस वक्त भी कर्ज लेना चाहे उसको एक दो रोज के अन्दर कर्ज मिल सके, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। और यह कर्ज किसान जल्दी लौटा सकता है क्योंकि 6 महीने में उसकी ईल्ड हो जाती है। इंडस्ट्री में तो दो चार वर्ष में फल प्राप्त होता है लेकिन किसान अगर कुछ पैसा किसानी में लगाये तो उसका फल तो छः महीने में ही प्राप्त होता है। अगर इस प्रकार से साधनों को आप जुटायेंगे तो किसान की पैदावार बढ़ जायेगी और कुछ वर्षों में आपका देश जरूर स्वावलम्बी हो जायगा। आप बार बार ऐसा स्लोगन तो देते हैं कि अधिक अन्न उपजाओ, अधिक अन्न उपजाओ। लेकिन

[श्री रामेश्वर प्रसाद सिंह]

किसानों के पास अब कोई बची शक्ति नहीं है जिसको कि लगा कर वह उपज बढ़ा सकें। जो भी शक्ति सरकार के पास है, जो भी साधन सरकार के पास है वह किसानों को देना चाहिए ताकि वह उसका इस्तेमाल कर सकें। आप तो हमेशा इंडस्ट्री और लेबरर के माइंड से किसान को जज करते हैं। लेकिन किसान फैक्ट्री में काम करने वाले लेबर की तरह नहीं है क्योंकि वह खुद जमीन का मालिक होता है। किसान को खुद जमीन से लाभ होता है। इसलिए किसान कोई भी शक्ति बचाकर नहीं रखता है जिससे कि उसे कम लाभ हो। लेकिन आप हमेशा किसान को जज करते हैं इंडस्ट्री में काम करने वाले मजदूरों से क्योंकि आपका दिमाग हमेशा पश्चिम की ओर रहता है। पर आप यह भूल जाते हैं कि हिन्दुस्तान वह मुल्क है जहां के लोगों का यही काम है, जो लोग किसानी करके ही जीते रहे हैं और किसानी के बल पर ही सारे देश का नेतृत्व करते रहे हैं।

इससे भी इम्पार्टेंट चीज एक और है और वह यह है कि सारा देश एक है, सारा देश सेंटर का अंग है, हर प्रदेश सरकार का अंग है और हर प्रदेश को बराबर रखना चाहिए। आप ने जो क्षेत्रीय जोन बनाया है जिससे कि एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में अन्न नहीं जा सकता, यह राष्ट्रीय हित के लिए बड़ा घातक है। इससे बढ़ कर देश की एकता में बाधक और कोई चीज नहीं हो सकती। देश की एकता में न भाषा ने बाधा पहुंचायी, न जाति ने बाधा पहुंचायी, न प्रान्त की किसी और भावना ने बाधा पहुंचायी, सबसे ज्यादा जो इसमें बाधक होगा वह यही जोनल सिस्टम होगा क्योंकि पेट सबसे ज्यादा जरूरी है। और चीजें भुलायी जा सकती हैं लेकिन पेट को कोई भुला कर नहीं रख सकता। बिहार का आदमी यह मानने के लिए कभी तैयार नहीं हो सकता कि उसका कोयला, उसका लोहा, उसका इस्पात ले जाकर मद्रास में आप पहुंचायें और वहां उसी दाम पर बेचें जिस दाम पर पटना में बिकता है लेकिन मद्रास और आन्ध्र का चावल बिहार में जाने से आप रोक दें। इस चीज को आप रोक नहीं सकते। यह देश के हित में घातक है। जोनल सिस्टम को शीघ्र से शीघ्र हटा देना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो उसको जिद से काम नहीं करना चाहिए। उसे सारे लोगों की बात सुन कर और उस पर गौर करके काम करना चाहिए। सारे देश के कोने-कोने से इस जोनल सिस्टम के हटाने की मांग हो रही है। जोनल सिस्टम एक बुरा सिस्टम है और उसको एक दिन के लिए भी न रखिये। देश के सभी राज्य एकांगी हैं और अगर जिद से काम लिया गया और जोनल सिस्टम कायम रखा गया तो याद रखिये यह सारा देश टुकड़े टुकड़े होकर रहेगा। जोनल सिस्टम को कोई मानने को तैयार नहीं होगा।

इमरजेंसी के बारे में लोगों ने कहा है। मैं उस तर्क के साथ और उस तेजी के साथ इमरजेंसी की बात नहीं करता लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि सरकार इमरजेंसी को हटाने की बात पर पुनः विचार करे। एक आजाद देश में ज्यादा दिन तक इमरजेंसी को नहीं रखा जा सकता है। विदेश वाले भी आखिर यह समझना चाहेंगे कि हम लोग किस वजह से इमरजेंसी कायम रखे जा रहे हैं? कौनसी परिस्थिति देश के सामने आई है जिससे इसे कायम रखे जा रहे हैं? आपका पाकिस्तान के साथ समझौता हो गया है, मगर कहीं चीन वालों ने आक्रमण किया तो भी हम मामला निबटा लें तब तो ठीक है, अभी उन से मामला हमारा उलझा हुआ है और इसलिए अभी हमें अपनी तैयारियों में कोई ढील नहीं बर्तनी है और किसी तरह की भी कोई गफलत नहीं बर्तनी है और देश को हर संभावित खतरे व संकट का मुस्तैदी से

सामना करने के लिए तैयार रहना है। इमरजैंसी का इस दृष्टि से उद्देश्य तो पवित्र है लेकिन इमरजेंसी का ऑपरेशन, व्यवहार बहुत नीचे तबके पर कांस्टेबुल को करने को मिलता है और जिस कारण कि इमरजेंसी पावर्स का उचित इस्तेमाल नहीं हो पाता है। उदाहरण के लिए मैं आप को बतलाऊं कि हमारे यहां के बिहार के बहुत से लोग कलकत्ता जाते हैं। एक सज्जन हमारे प्रदेश से दो सेर आटा और एक सेर सत्तू लेकर हावड़ा स्टेशन पर उतरे। वे लोग वहां गाय भैंस ले जाने और ले आने की तिजारत करते हैं। वह अपने साथ दो, एक रोज के खाने के लिए थोड़ा सा आटा और सत्तू लेकर हावड़ा गया था उसको स्टेशन पर ही पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल में रख दिया और वह दो तीन महीने तक मुकद्दमे में परेशान हुआ बाद में वह किसी प्रकार छूट सका। अब यह दो सेर आटे और एक सेर सत्तू के लिए इस तरह से इमरजैंसी पावर्स का इस्तेमाल होता है। इसलिए इमरजेंसी के इस्तेमाल में दोष है नहीं तो इमरजेंसी अच्छी चीज है देश के बचाव के लिए। सब कोई देश की रक्षा और बचाव चाहते हैं। इस पर पुर्नविचार हो। दल में होने की वजह से परिस्थिति को नहीं बदल सकता। मैं समझता हूं कि हमारे नेता लोग इस दृष्टि से इस पर पुनर्विचार करेंगे।

जहां तक इर्रीगेशन प्रोजेक्ट्स का सवाल है यह जो बड़ी बड़ी गंडक और कोसी योजना बिहार में प्रारम्भ की गई हैं बेशक देश को उन से लाभ होगा। लेकिन यहां पर मैं यह अवश्य कहना चाहूंगा कि बड़े बड़े कल कारखानों में तो बिजली सस्ती दर पर दी जाती है लेकिन छोटे किसानों से बिजली के दाम अधिक लिये जाते हैं। खेतों में पानी पटाने के लिए बिजली शीघ्र और सुगम तरीके से नहीं मिल पाती है। सरकार को चाहिए दो, एक साल तक निःशुल्क किसानों को खेती के काम के लिए बिजली मुहैय्या करनी चाहिए। इसके अलावा बिहार में और दूसरे प्रदेशों में बिजली की दर में फर्क है जोकि ठीक किया जाना चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं आप को धन्यवाद देता हूं कि आप ने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया और मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार ध्यानपूर्वक हमारी कही हुई बातों पर गौर करेगी। सदन के सामने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव है उसका भी मैं समर्थन करता हूं।

डा० राम मनोहर लोहिया : उपाध्यक्ष महोदय, क्योंकि मेरा आज यहां जिक्र हुआ और मेरी बातें अधूरी छपती हैं इसलिए एक छोटी सी सफ़ाई दे दूं कि दुनिया की हर औरत को मैं खूबसूरत समझता हूं, हो सकता है किसी को कम या ज्यादा, लेकिन सब औरतों को खूबसूरत समझता हूं, किसी एक को नहीं।

जो माननीय सदस्य पारी शहर में गये और प्रांतां नाम की दुकान में गये होंगे उन्होंने वहां रोबो देखा होगा, मशीन आदमी, जिसको सवाल पूछने पर कि कौन चीज कहां मिलती है, तो वह जवाब दे दिया करता है, जाओ इस तल्ले पर जाओ, दायें जाओ, बांए बांए जाओ यह चीज तल्ले पर मिल जायगी। माननीय सदस्यों को उस लोक-सभा का पता होगा जहां मंत्री और प्रधान मंत्री मशीन आदमी हैं और उनके अन्दर 50—60 तवे चढ़े हुए हैं और जब जैसा वक्त हुआ एक जवाब दे डाला कि हमारी सरकार राष्ट्रीय आत्मसम्मान के खिलाफ़ कुछ नहीं करने वाली है। कभी यह जवाब दे दिया कि हमारी सरकार पुरानी नीतियों से हटने वाली नहीं है। ऐसा जवाब सुन कर के उस लोक-सभा के सरकारी दल के लोग भी खुशी की थपथपी कर दिया करते हैं। मैं यह नहीं जान पाया कि यह सदस्य लोग भी उस तरीके से मशीन आदमी हैं जैसे मंत्री लोग हैं या यह जीवित प्राणी हैं। मैं चाहूंगा कि लोक-सभा के सदस्य इस स्थिति को याद रखा करें, जब यहां चर्चा करें और इसलिए आज

[डा० राम मनोहर लोहिया]

सब से पहले मैं अपनी चुप्पी तोड़ रहा हूं कि जो पिछले पांच महीने से बांधे हुए था राजस्थान सरकार और भारत सरकार की नालायकी पर । पाकिस्तान की सेनाएं उन इलाकों से हटी हैं जहां उन्होंने कब्जा जमा रखा था, राजस्थान में 12 से 15 चौकियों के ऊपर पाकिस्तान ने कब्जा किया । किसी भी हालत में यह कब्जा करते तो वह सरकार की नालायकी होती । लेकिन इस नालायकी को छिपाने के लिए सरकार ने एक असत्य बात भी कही है कि यह कब्जा युद्ध-विराम यानी 23 सितम्बर के बाद पाकिस्तान ने किया है जबकि असलियत यह थी कि पाकिस्तान ने इन 12 से 14 चौकियों पर 16 सितम्बर के आसपास कब्जा कर लिया था लेकिन भारत के हितों के कारण मुझे इस नालायकी को असत्य से छिपाने वाली बात पर चुप रहना पड़ा । आज मैं यह बात यहां कह रहा हूं ।

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद (नालंदा) : किस आधार पर ?

डा० राम मनोहर लोहिया : मुझ को कहोगे ? मंत्री आयें तो ज्यादा अच्छा है, युद्ध मंत्री सामने रहें । इसी सदन् में युद्ध मंत्री साहब पलटन के मामले में तीन असत्य बातें कह चुके हैं और एक, एक के ऊपर मैं तैयार हूं अगर इस सदन की कोई कमेटी बिठाई जाय तय करने के लिए राजस्थान की चौकियों के ऊपर 16 सितम्बर के आसपास यानी युद्धविराम के पहले पाकिस्तान ने कब्जा किया था उस के ऊपर कमेटी बैठ जाय और जरा आप अपने युद्ध मंत्री को बुला लिया करें और इसी तरह इस बजट में जो अकाल के बारे में सुझाव रखा गया है वह निहायत दिलचस्प है । यह दुर्भिक्ष का वर्ष है । इस में अन्न का उत्पादन बढ़ाने की बात किसी जोरदार तरीके से आनी चाहिए थी लेकिन बात क्या आई है ? इस साल बड़ी और मध्यम सिंचाई योजनाओं से 30 लाख एकड़ नई जमीन पर सिंचाई होगी, पानी मिलेगा । छोटी योजनाओं का जिक्र तो नहीं किया गया है, कितना लेकिन मैं अंदाजा करता हूं 10 लाख और रख दिया जाय तो 40 हजार एकड़ नई जमीन पर यह सरकार सिंचाई करने का इरादा रखती है । एक ऐसे वर्ष में जबकि चारों तरफ़ दुनिया भर में यह भिखमंगा दुर्भिक्ष का देश मान लिया गया है, 40 लाख एकड़ तो इस के माने इस रफ्तार पर और यह मैं मान कर चलता हूं कि इस वर्ष की रफ्तार इरादे के हिसाब से इस सरकार की बहुत बढ़िया रफ्तार है, इस रफ्तार से 80 वर्ष लगेंगे पूरे देश में सिंचाई का पानी पाने के लिए । क्या होगा कैसे सोच रहे हैं और इस का सबब मैं आप को बताऊं कि एक तरफ़ तो सरकार में कोई इतनी योग्यता नहीं है कि वह बिजली और बिजली के कुंएं दे और दूसरी तरफ़ बिजली के कुंओं को जगह जगह बना कर इसने किसानों के मन में यह भावना पैदा कर दी है कि अब अपने पुराने कुंओं से काम करने से क्या फ़ायदा, बैठे रहो । जब आयेगा तब देखेंगे बिजली के कुंओं को । किसान उस पुरानी मेहनत को छोड़ रहे हैं । सरकार बिजली और बिजली के कुंएं नहीं बना पा रही है । उसके अलावा ऐसी भी घटनाएं होती हैं कि मेहनत करते हैं गरीब किसान खेत मजदूर छोटे आदमी लेकिन मिलकियत के चक्कर के कारण, उनकी फसल को या तो काट ले जाते हैं किसी पुराने जमाने के जमींदार या सरकारी कानून का इस्तेमाल वह कुछ ऐसे करते हैं कि वह फसल खड़ी रह जाती है और सड़ जाती है । मेरे पास अदालत का फैसला है जिसके कि अनुसार एक छोटे से इलाके में 11,000 मन धान बिलकुल सड़ता चला जा रहा है और अगर इस आधार पर मैं सारे देश की बात सोचूं तो प्राय: 25 से 30 लाख टन केवल इस एक कारण से कि मेहनत करने वाला कोई और और मिलकियत वाला कोई और, देश में धान और अनाज नष्ट हो जाया करता है । यह है इस सरकार की अन्न सम्बन्धी नीति ।

श्री क० मा० तिवारी (बगहा) : यह बात समझ में नहीं आई । सरकार की ग़लती से खेत में फ़सल कैसे खड़ी रह गई ?

डा० राम मनोहर लोहिया : सरकार ने खेतों की मिल्कियत अभी तक उन लोगों को दे रखी है, या ऐसे कागज बनवा रखे हैं, जो लोग खुद मेहनत नहीं करते हैं । मेहनत कोई और लोग करते हैं और श्री तिवारी अच्छी तरह से जानते हैं कि दूसरे लोग टांग अड़ाने पहुंच जाया करते हैं कि यह खेत हमारा है, कागज देखो । हालांकि मजिस्ट्रेट अदालत में फ़ैसला दे देता है कि इन कागजों का कोई मतलब नहीं है, लेकिन नौकरशाही और मंत्रियों से उन लोगों की दोस्ती रहती है ।

अच्छा हुआ कि माननीय सदस्य ने पूछ लिया । अगर उन की सरकार की कलई ज्यादा खुल जाया करे, तो अच्छा है, बुरा क्या है ?

मैं साफ़ कहना चाहता हूं कि इस सरकार को मैं ने अक्सर दुर्भिक्ष की सरकार कहा है, लेकिन इस साल मैं इसे देश के बाहर भिखमंगी सरकार और देश के अन्दर घमंडी सरकार कहना चाहता हूं । मैं इसे घमंडी इसलिए कहता हूं कि यह कभी किसी प्रश्न को समझने की कोशिश नहीं करती और अगर कोई उसे समझाने की कोशिश करता है, तो उसे घमंडी जवाब दे दिया करती है । झुकना तो इन लोगों ने खाली अमरीका और रूस के आगे हो सीखा है—देशवासियों के आगे ये झुकना नहीं जानते हैं । जिस सरकार को कोई प्रश्न समझना नहीं है, वह उस का हल नही निकाल पायेगी । हल निकालने वाली कौमें और व्यक्ति पहले किसी प्रश्न को विनम्रता के साथ समझने की कोशिश करते हैं । वे पहले यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि प्रश्न क्या है और उसके बाद उसका हल निकालते हैं । यहां तो प्रश्न का हल निकालने की कोई चर्चा नहीं है ।

प्रधान मंत्री साहब के यहां से एक कागज आया कि इस बार तो डेढ़ करोड़ टन की कमी है । अभी कुछ ही महीने पहले वह कहते थे कि एक करोड़ टन की कमी है और उस से पहले उन्होंने पचास लाख टन की कमी बताई थी । इन लोगों का कोई ठिकाना है ! खाली अपनी सफ़ाई देने के लिए जुबान को इधर-उधर पलट दिया ! भारतवर्ष में नौकरशाही ने एक ही तरीका समझा है कि नोट दे कर अपनी सफ़ाई दे दिया करो कि फ़लां काम क्यों नहीं हुआ और उस के बाद सब बातें ठीक हो जाया करती हैं । प्रश्न क्या है और उस का क्या हल निकालना है, जब तक देश यह बात नहीं समझेगा और उस के उपयुक्त सरकार नहीं बनायेगा, तब तक बाहर तो भिखमंगी और भीतर घमंडी सरकार चलती रहेगी ।

यही सबब है कि अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में भी कहीं कोई कदम हमारी सरकार का, देश का नहीं चल पा रहा है, क्योंकि राजनीति का पहला उसूल यह है कि पूर्व-अनुमान किया करो, अटकल लगाया करो कि हमारे कामों का क्या नतीजा निकलने वाला है । और अगर लोग अटकल लगाना नहीं जानते हैं, तो फिर नतीजे यही होते हैं कि जो माननीय प्रधान मंत्री जी ने 8 फरवरी को देश के बटवारे के बारे में कहा । देश का बटवारा दुर्भाग्यपूर्ण रहा या नहीं, इस का जवाब आप यह देती हैं—"हां, लेकिन कुछ फ़ैसला देना मुश्किल है । हम ने उस वक्त सोचा था कि हम कभी भी आबाद नहीं होंगे और हम देश के भीतर हमेशा लड़ते रहेंगे और इसलिए हमेशा कमजोर से ज्यादा कमजोर होते रहेंगे । कोई भी अपनी बांह को कटवाना नहीं चाहता, लेकिन अगर कोई चीज ग़लत है और डाक्टर कहता है कि इसी तरह से अपनी जान बचा सकते हो, तब अपनी बांह कटवा लिया करते हैं । उसी भावना से हम ने यह काम किया था, बांह कटवा दी थी ।"

प्रश्न यह उठता है कि बांह कटवा दी,

[डा० राम मनोहर लोहिया]

तो किसी अनाड़ी डाक्टर की सलाह पर या अच्छी तरह से सोच समझ कर। कितनी बार हुआ करता है कि लोग नासमझी में, ग़लत डाक्टर की सलाह पर या किसी उतावलेपन में, इसलिए कि आज़ादी जल्दी नहीं मिल रही है, मरने का वक्त आ रहा है, जल्दी आज़ादी लो अपनी बांह कटवा दिया करते हैं। ऐसा करना कोई ज़रूरी नहीं था और ख़ास तौर से अपने देश में, जब कि उस बांह के कट-वाने का नतीजा इतना ख़तरनाक निकला। खुद भारत के बड़े बड़े नेताओं ने कहा था कि हम ने यह अन्दाज़ा नहीं लगाया था कि इस बंटवारे का यह खूनी परिणाम निकलेगा कि डेढ़ करोड़ आदमी उजड़ेंगे और दोनों तरफ़ से छः लाख आदमी कत्ल होंगे।

तो यह पूर्व-अनुमान न करने का नतीजा निकला करता है और यही फटी हुई खोपड़ी अब भी सरकारी लोगों की बनी हुई है। ख़ास तौर से मैं ने प्रधान मंत्री से जो उद्धरण दिया है, उस से साफ़ मालूम होता है कि दिमाग़ के अन्दर हमेशा दो ख़ाने बने रहते हैं और नतीजा होता है कि एक तरफ तो जीवन की रक्षा करने की भावना है और दूसरी तरफ़ जीवन का नाश भी होता चलता रहता है

लीजिए इस ताशकंद समझौते को। ताशकंद समझौते का क्या अटकल लगाते हैं, क्या पूर्व-अनुमान है, भविष्य में क्या होने वाला है ? इस वक्त ख़ाली यह आरती उतारते चले जाने का क्या अर्थ है कि इस से तनाव कम हो जायेगा, शान्ति हो जायेगी ? अगर अगले पांच वर्ष के अन्दर अन्दर इसी सरकार के लोगों ने यह कहना शुरू किया कि हम क्या जानते थे कि पाकिस्तान इतना दग़ाबाज़ था, हम क्या जानते थे कि वह इस समझौते को इस तरह तोड़ेगा, हम क्या जानते थे, जब यह रट लगायेंगे, तो उस वक्त मैं कहूंगा कि राजनीति करने वाले लोगों को यह कहने का हक़ नहीं है।

जो राजनेता बाद में कहता है कि हमें क्या पता था कि चीन धोखा दे कर हम पर हमला करेगा, उस को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। जो राजनेता कहता है कि बंटवारे के सबब से हमारा बहुत ज्यादा नुक्सान हो गया, लेकिन हम ने इस का अनुमान नहीं लगाया था, तो उस को भी वही करना चाहिए। और जो राजनेता पांच बरस के बाद—हो सकता है कि पांच महीने में ही यह बात आ जाये—ताशकंद समझौते के बारे में यह कहेगा कि हम ने ताशकंद समझौते को ठीक तरह से समझा नहीं, हम क्या बतायें, भूल हो गई, उस के बारे में इस समय क्या कहा जाये ? मैं कहना चाहता हूं कि इस प्रकार की नीति के ख़तरनाक नतीजे निकलते हैं, तनाव ज्यादा होता है, लड़ाई ज्यादा होती है, खून ज्यादा बहता है।

भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में अगर कोई सत्य है, तो वह युद्ध नहीं है। जो युद्ध भी चलता है, वह 23, 24 दिन का गुल्ली-डंडा होता है। शान्ति भी नहीं है। शान्ति की बात भी दोनों सरकारें ख़ाली अपने देशवासियों को भूल-भुलैयों और चक्कर में डालने के लिए करती हैं। वे दिल से शान्ति के लिए काम नहीं करती हैं। न युद्ध है और न शान्ति है। दोनों सरकारें ख़ाली तनाव की स्थिति बनाये हुए हैं, ताकि वे अपनी जनता को कह सकें कि देखो, सीमा पर दुश्मन खड़ा हुआ है और अगर चावल, गेहूं न मिले, उन के दाम ज्यादा हों, तो अपनी जनता को चुप रख सकें। फटी खोपड़ी के कारण ऐसा हुआ है।

ताशकंद समझौते के सिद्धान्त के सम्बन्ध में मैं 1950 के नेहरू—लियाकत समझौते को याद दिलाता हूं, क्योंकि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के रिश्तों में उस से ज्यादा बढ़िया समझौता हुआ नहीं है। आज से पंद्रह बरस पहले उस में पहली धारा की एक उपधारा में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में जो

लिखा गया, वह मानवीय साहित्य का एक अंग हो सकता है, लेकिन उसी धारा की उपधारा 2 में जो कुछ लिखा गया है, वह उस से भिन्न है। एक उपधारा में लिख दिया कि अल्पसंख्यकों को समानता के अधिकार प्राप्त होंगे और दूसरी में लिखा गया कि जो अल्पसंख्यक एक जगह से दूसरी जगह जाना चाहें, उनको सरकार की तरफ़ से मदद मिलेगी। वही स्थिति है। एक है आदर्श और दूसरी है वस्तुस्थिति। वस्तु स्थिति और आदर्श के बीच में इस सरकार की खोपड़ी फटी हुई है और इसलिए यह कभी भी भारत और पाकिस्तान के मसले को समझ नहीं सकी है। मसला यह है कि दोनों जगहों के लोग साठ करोड़ हैं—ताशकंद समझौते में उस का जिक्र है—और ये साठ करोड़ लोग हमवतन थे और आज भी हमवतन हैं। लेकिन अठारह बरस पहले जबर्दस्ती से और नकली तौर पर इन को परदेशी बनाया गया। जो हमवतन परदेशी बन गए थे, अब कोशिश की जा रही है कि उनको अच्छे पड़ोसी बनाएं। यह असम्भव कैसे हो सकता है। अगले सौ वर्षों तक आप यह निश्चित समझें कि या तो भारत और पाक एक होकर रहेंगे, फिर से हम वतन होंगे, फिर से ताशकन्द घोषणा के अनुसार 60 करोड़ हमवतन होंगे, वर्ना लगातार मारकाट, तनाव और झगड़े होते होते शायद सौ वर्ष के बाद ऐसी स्थिति आये कि ये हम वतन हम वतन न रहें, बल्कि परदेशी बन जायें। तो बुनियादी तौर पर न केवल इस सरकार से कह रहा हूं बल्कि भारत के जनता से कह रहा हूं।

लेकिन रूस और अमरीका को समझना चाहिये। क्योंकि ऐसा मालूम होता है कि रूस और अमरीका कदम मिला-मिला कर चल रहे हैं। कम से कम भारत के मामले में तो चल ही रहे हैं। आखिर जो ताशकन्द घोषणा है वह क्या है? जो सुरक्षा परिषद् में अमरीका के प्रतिनिधि गोल्डबर्ग ने कहा था। अमरीका का सुझाव और रूस का कार्यान्वन। गोल्ड-बर्ग और जानसन की तजवीज और कोसीगिन साहब का उसके ऊपर अपनी अकल या हुनर के हिसाब से कार्यान्वित करना। ऐसी स्थिति में रूस और अमरीका को मैं एक बात बताना चाहता हूं, शायद वह समझ ही गये होंगे, और शायद उसी का वह नतीजा निकाल रहे हैं कि हथियार इस इलाके के देशों को जब दिये जाते हैं तो उसके बड़े बड़े करिश्मे निकलते हैं। इधर कुछ महीनों से एक तरफ तो पश्चिमी दुनिया ने कहने के लिये जनतन्त्र के के लिये और साम्यवाद के खिलाफ़ पाकिस्तान को हथियार दिये। दूसरी तरफ कम्युनिस्टी दुनिया ने, रूस और चीन दोनों ने, पश्चिमी दुनिया के खिलाफ़ हिन्द—एशिया को हथियार दिये। नतीजा क्या निकला। जो हथियार साम्यवाद ने हिन्द-एशिया को दिये, उन्हीं हथियारों का एइस्तेमाल करके हिन्द-एशिया में साम्यवाद को पूरी तरह से पीटा गया और जो हथियार अमरीका ने जनतन्त्र के लिये दिये थे, साम्यवाद के खिलाफ़ उन्हीं हथियारों का इस्तेमाल एशिया के एक दूसरे जनतन्त्रीय इलाके के खिलाफ़ किया गया। ऐसी स्थिति में अम-रीका और रूस जो यह देख रहे हैं कि इस इलाके में ज्यादा से ज्यादा हथियार दे कर के उल्टे नतीजे निकल रहे हैं, हो सकता है कि इससे उनको अक्ल आ जाये, ये सारी तो ऐसी बातें है जो उनके सामने रहेंगे, लेकिन भारत और पाकिस्तान का इलाका जो जबरदस्ती दो टुकड़ों में तोड़ा गया है, इतना गैर-प्राकृतिक है कि इससे तनाव होते रहेंगे, झगड़े होते रहेंगे और अपनी बड़ी ताकत के कारण, सुरक्षा परिषद् में वोटों की ताकत या हथियार और पैसे की ताकत के कारण वे इस बात की कोशिश न करें कि जबरदस्ती इस टूट को जारी रखा जाय, ये दो देश बने रहें।

मुझे कई बार ताज्जुब होता है, उधर के माननीय सदस्यों से नहीं, बल्कि कभी कभी इधर के माननीय सदस्यों से, जैसा कि आज एक साहब को चिन्ता थी उत्तर और दक्षिण वियतनाम की कि उनको एक कर ऽ।त लेकिन

[डा० राम मनोहर लोहिया]

मैंने कभी यह नहीं सुना कि भारत और पाकिस्तान को एक करने की बात उन्होंने चलाई हो।

उपाध्यक्ष महोदय : आपका टाईम हो रहा है।

श्री रामसेवक यादव : अभी तीन मिनट हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी पार्टी से तय हो चुका है।

I am only concerned with the party time allotted. I have given him 22 minutes. You disown that member from your party, if you like.

श्री रामसेवक यादव जब दूसरे दलों के लिये आपकी नीति यह कि वह लिख कर दें, तो हमारे दल के लिये दूसरी नीति कैसे बनायेंगे ?

Mr. Deputy-Speaker: The Member complained to the Speaker that he is not called when he is here. It is the duty of Members to remain here till their chance comes. The House cannot wait for the Members.

श्री रामसेवक यादव : यह जान बूझ कर हुआ है। हम यह कहना चाहेंगे।

डा० राम मनोहर लोहिया : उसी तरह से यहां विदेशी मामलों में हम लोगों ने देखा कि किस तरह से इस सरकार के मंत्री कान से बहरे हैं या नहीं मैं नहीं जानता, लेकिन दिमागी बहरे जरूर हैं। कल मैंने यह जिक्र किया था कैलाश, मानसरोवर, और पूर्व-वाहिनी ब्रह्मपुत्र के बारे में, जो कि कोलम्बो प्रस्ताव से बीस हजार वर्गमील ज्यादा भारत को दिलाते हैं और इस का जिक्र आया भी है, लेकिन माननीय रक्षा मंत्री ने बिना इस बात को समझे हुए दिमागी बहरेपन से कह दिया कि हां, मैंने भी यह बात पढ़ी थी, लेकिन महत्व नहीं दिया। यह महत्व कोलम्बो प्रस्ताव, जिसको चीन मान नहीं रहा है, उस से ज्यादा बीस हजार वर्गमील इस प्रस्ताव से भारत को मिलती है, उस प्रस्ताव के बारे में यह प्रश्न उठता है लेकिन दिमागी बहरापन बढ़ता जाता है।

श्री रामसेवक यादव : पांच मिनट और बढ़ा दीजिये।

उपाध्यक्ष महोदय : 25 मिनट आपने ले लिये हैं।

डा० राम मनोहर लोहिया : मैं एक दल की तरफ से बोल रहा हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : एक मेम्बर बोल चुके हैं, 16 मिनट ले लिये हैं, आपका टाईम 14 मिनट था।

डा० राम मनोहर लोहिया : अभी मैंने रूस और अमरीका का जो एका दिखाया, उसी तरह से मैं समझता हूं कि सरकार की जो नई प्रधान मंत्री चुनी गई है, उसके चुनाव के वक्त भी वह एका दोनों में था। कोसीगिन साहब खुल्लम-खुल्ला कुछ बोल कर नहीं गये लेकिन हम्फी साहब चुनाव के दिनों में यहां आये थे, उन्होंने क्या फरमाया,—अभी आप अपना नया प्रधान मंत्री चुन लीजिये, तब उनसे बात करके विदेशी सहायता और सारे मामले फिर से शुरू करेंगे। उनको कोई जरूरत नहीं है, एक परदेशी रूसी और अमरीकी को कोई मतलब नहीं है कि भारत का प्रधान मंत्री नया है या पुराना है।

यहां अभी मैं आपको एक घटना बताना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री के चुनाव के वक्त कलेक्टर के द्वारा दो जिलों से कम से कम, एक तो चम्पारन जिला और दूसरा छपरा जिला के जो संसद सदस्य कांग्रेसी हैं, उनको यहां पर बुलवाया गया।

एक माननीय सदस्य : यह बात गलत है ।

डा० राम मनोहर लोहिया : उसी तरह से यह भी ध्यान में रखें कि जिस संकटकाल का यहां साढ़े तीन वर्ष से ढकोसला चल रहा है, क्या है यह ? एक तरफ़ समझौता, शान्ति, कहीं कोई तनाव नहीं, ताशकन्द घोषणा के सम्बन्ध में अमृतवाणी का प्रचार और दूसरी तरफ संकटकाल । कौन सा संकटकाल है ? संविधान में साफ लिखा हुआ है, जब कि भारत के ऊपर आक्रमण आसन्न हो, उसी समय वह संकटकाल होता है । यह आक्रमण हो चुका है । इस समय कौनसा आक्रमण आसन्न है, यह ढकोसला, यह झूठ, संविधान के ऊपर एक लानत है ।

मैं जानता हूं कि काशीराम जी गुप्त के विरोध के अन्दर जो हताशा और कुण्ठा है, जिसका उन्होंने जिक्र किया, मुझे भी बड़ी कुण्ठा है । विरोध इकट्ठा नहीं हो पा रहा है । विरोध को इकट्ठा होना चाहिये और उसके इकट्ठा होने का एक ही तरीका है कि वह यहां पर समझ जायें कि मान लीजिये कुछ विरोधी ऐसे हैं जिनमें थोड़ा सा देश द्रोह हो, चाहे वह पहाड़-भर हो, लेकिन सरकारी दल के देश द्रोह से देश को ज्यादा नुकसान पहुंचता है, बनिस्बत पहाड़ भर देश द्रोह के । उसी तरह से सरकारी पार्टी की तिल भर साम्प्रदायिकता से देश को कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचता है बनिस्बत जनसंघ की पहाड़-भर साम्प्रदायिकता से । कहीं हम लोग आपस में इस बात को समझ पाते तो यह सम्भव होता और मैं यह कहना चाहता हूं कि इसी 1967 के आम चुनावों में यह सम्भव होता कि कम से कम कुछ इलाकों में कांग्रेस की सरकार को खत्म करके ऐसा करवाते मसलन (1) 5 वर्ष से 10 वर्ष के प्राथमिक शिक्षा पाने वाले बच्चों के लिये खाली एक ढंग के स्कूल हों, सभी फैन्सी स्कूल खत्म हो जायें । जहां पर भंगी का लड़का और राष्ट्रपति का लड़का एक समान ढंग की पढ़ाई पाये । अगर यह नहीं हो सकता तो कम से कम यह काम हो जाये कि जमीन के ऊपर जो लगान है वह खत्म हो जाये । या कम से कम यहां यह हो कि सिंचाई के मामले में योजना बना कर के देश में तीन, चार करोड़ एकड़ प्रति वर्ष नई खेती हो जो सूबे को मिले उसकी आबादी के हिसाब से ।

श्री काशीनाथ पाण्डे (हाता) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा वक्त बहुत कम है इस लिए मैं डा० लोहिया की सब बातों का जवाब नहीं दे सकता हूं । उसमें मैं अपना वक्त खर्च भी करना नहीं चाहता हूं । मुझे और भी कई जरूरी बातें कहनी हैं । लेकिन एक बात मेरी समझ में नहीं आती है । यह हो सकता है कि डा० लोहिया के ख्याल के मुताबिक हिन्दुस्तान और पाकिस्तान का बंटवारा गलत हुआ हो, ताशकंद का समझौता गलत हुआ हो । लेकिन उन्होंने कोई सुझाव इसके बारे में क्यों नहीं दिया है ?

16.00 hrs.

[SHRI P. K. DEO *in the Chair*]

कोई सुझाव तो वह देते । इसके अलावा और चारा भी क्या था ? मैं आपसे कहना चाहता हूं ...... (**व्यवधान**) आप सुन तो लीजिये । अपनी बात ही सुनायेंगे, या दूसरों की भी सुनेंगे । आप सुनना ही नहीं चाहते हैं दूसरों की बात । मैं एक बात कहना चाहता हूं । महात्मा गांधी यह कहा करते थे कि लड़ाई वही सफल होती है जिसमें पबलिक की राय आपके साथ हो । आज जो लड़ाई पाकिस्तान और हिन्दुस्तान में हुई है, उसमें न्याय किसके पक्ष में था यह हम सभी जानते हैं । मैं इसके बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं । लेकिन यह जरूर है कि जब तक देश और संसार का लोकमत हम साथ ले कर नहीं चलते हैं तब तक कोई भी बात क्यों न हो, कोई भी चीज क्यों न हो, आप सफल नहीं हो सकते हैं । आप कहते हैं कि पांच साल के बाद हमको अक्ल आयेगी या शायद हमको धोखा होगा । लेकिन मैं अभी एक चीज साफ़ करना चाहता हूं । उस समय दूसरे लोगों को धोखा हो सकता है, हमें धोखा नहीं हो सकता है ।

[डा० राम मनोहर लोहिया]

हम समझते यह है कि उस समय ऐसी स्थिति आएगी कि हम डट कर मुकाबला कर सकेंगे और सब संसार का लोकमत भी हमारे साथ होगा । इस बात को डा० लोहिया को समझ लेना चाहिये । हमको कोई धोखा नहीं होगा । हो सकता है कि उनको हो जाए ।

डा० लोहिया के बारे में हमने एक बात देखी है । एक मर्तबा उन्होंने हिन्दी के प्रचार के लिए आन्दोलन चलाया था । उन्होंने यह कहा था कि

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : हिन्दी के हक में कभी नहीं किया । आप जैसे कट्टर पंथी लोग करते हैं । अंग्रेजी के खिलाफ़ किया था। कभी हिन्दी के हक में नहीं किया है । आप जैसे लोगों ने सत्यानाश कर रखा है । आप जैसे लोग हिन्दी के साम्राज्यवाद की चर्चा को प्रोत्साहन देते हैं । इन्होंने कभी नहीं किया । हमेशा अंग्रेजी के खिलाफ़ किया है :

श्री रामसेवक यादव : (बाराबंकी) : ये गलत बात कह रहे हैं । इनको सही कहने का मौका मिलना चाहिये ।

श्री मधु लिमये : इन लोगों के कारण ही टूट हो रही है । उत्तर और दक्षिण में ।

श्री काशीनाथ पाण्डे: एक मर्तबा आपने अंग्रेजी हटाओ और हिन्दी चलाओ आन्दोलन चलाया था। कितना वंडरफूल प्रोग्राम आपने बनाया था यह मैं बतलाना चाहता हूं । इन्होंने कहा कि जितने अंग्रेजी के नंबर हैं, उन पर कोलतार लगा दो । बस इतने से ये समझ बैठे कि अंग्रेजी हट गई और हिन्दी चल गई । अपनी स्पीचीज में वह इस तरह की बातें कहते हैं कि जिससे संसार को यह पता चले कि अकल का एकाधिकार अगर किसी के पास है तो वह डा० लोहिया के पास ही है और किसी के पास नहीं है ।

मैं इस पर अधिक कुछ कहना नहीं चाहता हूं । मैं फूड जोन के बारे में अब कुछ कहना चाहता हूं । यहां पर इसके बारे में कई बातें कही गई हैं । मैं जो आर्गुमेंट्स इसके खिलाफ दिये गये हैं उन से बिल्कुल कायल नहीं हुआ हूं । अगर उनका यह ख्याल हो कि कि फूड जोन्स जो बने हुए हैं ये अगर हट जायेंगे तो फायदा ही फायदा होगा इससे मैं सहमत नहीं हूं । एक फायदा तो जरूर हो सकता है। देश में अन्न की सप्लाई चारों तरफ हो सकती है । लेकिन क्या आपको यह मालूम है कि देश में अन्न की कमी है ? क्या आप यह समझते हैं कि जोन तोड़ देने से अन्न की सप्लाई बढ़ जाएगी ?

श्री बागड़ी (हिसार) : सात लाख टन चना जोन की वजह से राजस्थान में खराब हो रहा है ।

श्री काशीनाथ पाण्डे : इसके सिवा कि आप टोकते चले जायें आपके पास कोई प्रोग्राम नहीं हैं। अगर जोन हट जायें और फ्लो आफ सप्लाई बेरोक टोक हो जाए तो क्या कोई आदमी मुझे इत्मीनान दिला सकता है कि उसके बाद से अन्न का भाव नहीं बढ़ेगा ? अगर अन्न का भाव बढ़ा तो कौन सी मशीनरी है जो उसे चैक करेगी ? अगर अन्न का भाव बढ़ा और अन्न की कमी देश में पैदा हुई तो वह कौनसी मशीनरी है जो जिम्मेदार समझी जाएगी ? लोगों को अन्न चाहिये और उचित मूल्यों पर चाहिये । अगर गवर्नमेंट इसके लिए जिम्मेदार है तो गवर्नमेंट को विचार कर लेने दीजिये । उसको सोच लेने दीजिये । बगैर सोचे विचार किए इस पर कोई फैसला कर लिया जाए, भावुकता में आ कर लिया जाए, या कोई बात इस तरह से कह दी जाए, तो उचित नहीं है ।

श्री बड़े (खारगोन) : वितरण की व्यवस्था अच्छी नहीं है ।

श्री काशीनाथ पांडे : फूड मिनिस्टर के बारे में मैं एक बात कह सकता हूं । वह बहुत बोल्ड आदमी हैं । मैं बोल्ड आदमी को पसन्द भी करता हूं । अगर किसी चीज का विरोध हो और कोई सरेंडर कर दे, लाई डाउन हो जाए जमीन पर, ऐसा आदमी एडमिनिस्ट्रेशन नहीं चला सकता है । लेकिन उसके पास ऐसा करने के लिए आर्गूमेंट होनी चाहिये । बिना आर्गूमेंट के यह चीज नहीं होनी चाहिये । उनकी इस खूबी की तो मैं कद्र करता हूं । लेकिन उन्होंने बिहार के केन ग्रोअर्ज के सम्बन्ध में जो आर्गूमेंट दिये हैं उन से मैं मुत्तफिक नहीं हूं । उनका मैं कायल नहीं हूं । वहां पर क्या होता है ? बिहार के केन ग्रोअर्ज को अब तक दाम केन के नहीं मिले हैं यह प्रश्न हाउस में उठाया गया है कि लोगों को गन्ने का दाम नहीं मिला है, इसलिए मिलों का रिलीज कोटा बढ़ाया जाए । इसके जवाब में मिनिस्टर साहब ने यह आर्गूमेंट दी है कि उनका रिलीज कोटा उसी प्रोपोरशन में है, उसी अनुपात से है जैसे और जगहों पर है, और इसलिए अगर हम उनका कोटा बढ़ा देते हैं तो दूसरी जगह भी लोग मांग करेंगे । मैं पूछना चाहता हूं कि राशनिंग के बारे में भी तो आप यूनीफार्म पालिसी देश में चलाना चाहते हैं लेकिन केरल में क्या हुआ ? आपने वहां पर पहले तो चावल का राशन घटाया और फिर बढ़ाया । जब वहां पर आन्दोलन हुआ तब चावल की मिकदार आपने बढ़ा दी, क्या आप यह चाहते हैं कि बिहार के किसान भी आन्दोलन करें ? किसानों का क्या कसूर है ? क्यों न वे अपने गन्ने का मूल्य पायें ? जिन्होंने गन्ना दिया है फैक्ट्रियों में क्या आज उनका यह हक नहीं है कि वे गन्ने के दाम मांग सकें ? आप विचार करें तो आपको पता चलेगा कि यह समस्या दूसरे प्रदेशों की उतनी नहीं है जितनी बिहार की है । इसलिए यह कह देना कि अगर हम कोटा बढ़ा देंगे तो उससे एक समस्या पैदा हो जाएगी उचित नहीं है ।

